भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1802
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

बिहार में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी योजनाओं के लाभार्थी

1802. श्री गिरिधारी यादवः
श्री रामप्रीत मंडलः
श्री दिनेश चंद्र यादवः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार राज्य में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसबाई), राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम), पशुधन जनगणना और एकीकृत प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एलसी एवं आईएसएस), डेयरी सहायता सहकारी समितियां एवं किसान उत्पादक संगठन (एसडीसीएफपीओ), उद्यमिता विकास एवं रोजगार सृजन (ईडीईजी), पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी), डेयरी प्रसंस्करण एवं अवसंरचना विकास कोष (डीआईडीएफ) और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या का योजनावार ब्यौरा क्या है; और

(ख) केंद्र सरकार द्वारा उक्त योजनाओं के लाभार्थियों के लिए बिहार राज्य को जारी की गई निधि का योजनाबार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख): मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बिहार राज्य सहित देश में निम्नलिखित योजनाओं और कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जा रहा है:

I. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना(PMMSY),
II. राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM),
III. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM),
IV. पशुधन संगणना और एकीकृत नमूना सर्वेक्षण योजना (LC & ISS)
V. डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों की सहायता (SDCFPO)
VI. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP)
VII. डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPDD), और
VIII. डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (DIDF),

मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र हाल के वर्षों में पर्याप्त वृद्धि दिखा रहे हैं। मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित नीतियां और योजनाएं / कार्यक्रम मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए भी सर्वोच्च महत्व देते हैं। विगत पांच वर्षों के दौरान उपरोक्त योजनाओं के लिए बिहार राज्य को केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई धनराशि और लाभार्थियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**योजना का नाम**	**जारी की गई केंद्रीय निधि (रुपए लाख में)**	**लाभार्थी की संख्या**
(i)	**(ii)**	**(iv)**	**(v)**
1	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना(PMMSY)	126.17	8981
2	राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM)	154.06	2716059
3	राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM)	0.14	2
4	पशुधन संगणना और एकीकृत नमूना सर्वेक्षण योजना (LC & ISS)	1.06	0*
5	डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों की सहायता (SDCFPO)	3.77	0**
6	पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP)	130.51	12489000***
7	डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPDD)	241.24	501091
8	डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (DIDF)	77.24	188800

* लाभार्थी योजना नहीं है
** 4 दुग्ध संघ/महासंघ
*** मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (MVU) के माध्यम से किसानों के जानवरों का टीकाकरण

*****